# मण्डला जिले ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम, प्रदेश मेरिट सूची में चमके छात्र

मण्डला।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में मण्डला जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं में जिले ने 89.85 प्रतिशत परिणाम के साथ प्रदेश की प्रवीण सूची में चौथा स्थान, जबकि कक्षा 12वीं में 89.41 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया है।

कक्षा 10वीं में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुघरी के छात्र उमेश कुमार पड़वार ने 495 अंक अर्जित कर प्रदेश मेरिट सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं एलोसियस पब्लिक स्कूल नैनपुर की छात्रा अदिति विभा उसराठे एवं लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल बिछिया की छात्रा कृतिका तिवारी ने 493-



493 अंक हासिल कर सातवां स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में शासकीय कन्या उमावि महाराजपुर की छात्रा पूजा धुर्वे ने 492 अंक के साथ आठवां स्थान, सेंट एलोयसिस पब्लिक स्कूल नैनपुर के छात्र नमन जंघेला ने 491 अंक के साथ नवां स्थान, तथा सेंट एंजिल पब्लिक स्कूल रसलगंज निवास के छात्र संभव जैन ने 490 अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 12वीं में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मण्डला की छात्रा कृति साहू ने 483 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रवीण सूची में दसवां स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। इन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की उपलब्धि ने मण्डला जिले को प्रदेश स्तर पर गौरव दिलाया है। उनकी सफलता में शिक्षकों एवं अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा जिलेवासियों को बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बरकडे एवं बोर्ड परीक्षा प्रभारी महेन्द्र श्रीवास सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

खबर संक्षेप

## प्रतिभाओं की कमी नहीं, सहायतार्थ समाज को आगे आना होगा : प्रफुल्ल मिश्रा



**मंडला की बेटी ने प्रदेश में पाया दसवां स्थान**

**मण्डला।** बुधवार को मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों की घोषणा की है। जहां मंडला की एक बेटी ने पूरे जिले का नाम रोशन किया है। होनहार छात्रा कृति साहू ने 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया है। कृति ने 500 में से 483 अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। कृति गणित संकाय की छात्रा हैं और उनकी यह सफलता कठिन परिस्थितियों में की गई मेहनत का परिणाम है। वे एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आती हैं जहां सीमित संसाधनों के बीच पढ़ाई जारी रखना भी किसी चुनौती से कम नहीं था। बावजूद इसके कृति ने कभी हार नहीं मानी और लगातार मेहनत व लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। कृति की इस सफलता के पीछे उनके परिजनों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया। वहीं एक सराहनीय पहल के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कृति की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसकी स्कूल फीस का निरंतर वहन किया। उनके इस सहयोग और प्रोत्साहन ने कृति को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी जिसका परिणाम आज पूरे प्रदेश के सामने है। कृति की इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। परिजन, शिक्षक और स्थानीय जनप्रतिनिधि सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## लाठी से पीटकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बैरागढ़ निवासी भगवत पिता गोवर्धन धानक उम्र 27 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में भोजन करने के बाद घर जा रहा था। इसी दौरान गांव के दीपक पिता मान सिंह धानक व सूरज पिता बद्दू धानक मिले जो पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। प्रार्थी द्वारा जब गाली देने से मना किया तो दोनों ने एक राय होकर लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## रास्ता रोककर की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम उकासघाट निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव में दुकान से कुछ सामग्री लेकर घर जा रहा था उसी दौरान गांव को विष्णु ठाकुर मिला और रास्ता रोकते हुये गंदी गंदी गालिया देने लगा।







## कृतिका ने 98, 6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में 7वा ओर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया

**भुआबिछिया।** इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल की होनहार छात्रा कुमारी कृतिका तिवारी ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 98.6% अंक प्राप्त कर मण्डला जिले में प्रथम स्थान तथा प्रदेश में सातवाँ स्थान हासिल कर अपने परिवार, विद्यालय और पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। आप शेखर तिवारी / श्रीमति गरिमा तिवारी की सुपुत्री एवं स्व सुरेश मिश्रा/ श्रीमति दीपा मिश्रा की नातिन है। यह शानदार उपलब्धि आपकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। आपकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

### मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया -

नगर प्रतिष्ठित नागरिक सामाजिक कार्यकर्ता मंगल दास टांडिया की पोती विनय कुमार टांडिया कीर्ति डांडिया की पुत्री मानसी ने इंग्लिश मीडियम स्कूल के जी 2 की परीक्षा में 489 अंक अर्जित कर 97,8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### वंशिका राजपूत 94, 6 प्रतिशत अंक अर्जित किया -

इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा वंशिका राजपूत पिता उमेश राजपूत / श्रीमति निधि राजपूत ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94.6% अंक अर्जित कर शाला ओर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं।

## हायर सेकेंड्री स्कूल माझीपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा 21 छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया





**भुआबिछिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश भोपाल की बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में ग्रामीण अंचल स्थित शासकीय हाई स्कूल माँझीपुर का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य कविता विश्वकर्मा ने बताया कि इस सत्र की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के 32 छात्र प्रविष्ट हुये और घोषित परिणाम में पूरे 32 बच्चे उत्तीर्ण हुये।इस तरह विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा। प्रविष्ट 32 छात्रों में 21 छात्रों ने प्रथम श्रेणी व 11 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के छात्र प्रदीप कुमार कुलस्ते पिता रामकुमार कुलस्ते ने सभी विषयों में विशेष योग्यता अर्जित करते हुए 92.6% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, निखलेश तेकाम पिता अमरसाय तेकाम ने सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान, छात्रा कु.सुजीता पन्द्रे पिता ज्ञान सिंह पन्द्रे ने 85.6%अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं ग्राम को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने सफलता प्राप्त करने पर सभी बच्चों को शुभाशीष एवं शुभकामनाएं दीं हैं। विद्यालय में सफलतम सभी बच्चों को शालेय परिवार द्वारा तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।विद्यालय के छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों व अपने माता पिता को दिया है जिनके मार्गदर्शन व सहयोग से हमें आशानुरूप परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ। छात्र प्रदीप कुलस्ते व निखलेश तेकाम ने वर्तमान में अध्ययनरत कक्षा 10 के विद्यार्थियों को अपने संदेश में कहा कि माँझीपुर विद्यालय के शिक्षक बच्चों के साथ बहुत मेहनत करते हैं। समय पूर्व विद्यालय पहुंचने के अलावा अवकाश के दिनों में भी विद्यालय में छात्रों के साथ जुड़कर परीक्षा परिणाम को बेहतर करने हेतु पूरे वर्ष भर प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि हमारा परीक्षा परिणाम इससे भी बेहतर हो सकता था यदि हमने शिक्षकों की पूरी बात सुनी व मानी होती, हमसे जो गलतियां हुईं है उन्हें आप लोग मत दोहरायेगा। शिक्षकों की पूरी बात मानते हुए उनके मार्गदर्शन में चलें तो परीक्षा परिणाम और भी बेहतर किये जा सकते हैं। विद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों ने कहा कि आप सभी का मार्गदर्शन हम सभी को भविष्य में ऐसा ही मिलता रहे। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य कविता विश्वकर्मा ने कहा कि ये परीक्षा परिणाम आशानुरूप रहा है पिछले वर्ष मात्र 1 छात्र के अनुत्तीर्ण रहने के कारण विद्यालय का परिणाम 100% नहीं आ पाया था,परंतु इस वर्ष सभी शिक्षकों ने अपने प्रयासों से विद्यालय का परिणाम बेहतर किया है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों राकेश नामदेव, भुवन लाल श्रीवास, अंजुला पटेल, कृष्णा धुर्वे, प्रखर पटेल, रजनी झा की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाये रखने की अपेक्षा की।

## पैरों से लिखकर 12वीं में 65% अंक लाने वाली दिव्यांग छात्रा द्रोपदी धुर्वे ने रचा इतिहास



**मण्डला।** जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित उमावि भीमडोगरी की दिव्यांग छात्रा द्रोपदी धुर्वे ने अपने अदम्य साहस और हौसले से एक मिसाल कायम की है। शारीरिक चुनौतियों के बावजूद छात्रा ने पैरों से लिखकर कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 65 प्रतिशत अंक अर्जित किए और यह साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। गौरतलब है कि द्रोपदी धुर्वे ने इससे पहले कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में भी पैरों से लिखते हुए प्रथम स्थान हासिल किया था। उनकी इस उपलब्धि से प्रभावित होकर तत्कालीन कलेक्टर सलोनी सिडाना स्वयं गांव पहुंचीं और छात्रा का सम्मान कर उसका उत्साहवर्धन किया था, जिससे उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप पटेल ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी द्रोपदी के एक हाथ नही है साथ ही दूसरा हाथ क्रिया शील नहीं है, हाथ पूर्णतः शिथिल होने के कारण वह पैरों से लिखती है, लेकिन उसने कभी इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। उसकी मेहनत और लगन के साथ-साथ विद्यालय परिवार के सहयोग ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। द्रोपदी धुर्वे की यह सफलता न केवल जिले बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उसकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि हौसले बुलंद हों, तो किसी भी कठिनाई को पार कर सफलता हासिल की जा सकती है। जिले की यह होनहार बेटी को शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए कहा है कि ऐसी दिव्यांग बेटी के होसले को कभी भूला नहीं जा सकता है। प्राचार्य सहित शाला परिवार ने बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है।

## मत्स्य मंत्री से मिले वंशानुगत ढीमर मांझी समाज के प्रतिनिधि मंडल



**मण्डला।** ढीमर मांझी समाज के वंशानुगत मछुआरों को अनेक वर्षों से सरकार की योजनाओं से वंचित थे एवं मतस्य पालन हेतु मिलने वाले तालाब में परेशानी को देखते हुए प्रदेश के मछुआ कल्याण एवं मतस्य विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार माननीय श्री नारायण सिंह पवार जी से कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया जी के मार्गदर्शन में उनके आवास में मुलाकात में समाज के लोगों की समस्याएं की समस्या गंभीर पूर्वक सुनी वे शीघ्र एवं उचित निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। मंत्री से मिलने गये ढीमर मांझी समाज के जिलाध्यक्ष उमाशंकर सिंधिया श्री लाल नंदा, थामन बरमैया, बैसाखू नंदा, मनोज नंदा, नंदलाल नंदा महेंद्र नंदा आदि लोगों ने मुलाकात की।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पहली प्राथमिकता कलेक्टर, सिविल हॉस्पिटल नैनपुर का गहन निरीक्षण

## मरीजों और परिजनों से सीधे रूबरू हुए कलेक्टर; रोगी कल्याण समिति को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

**मण्डला।** जिले के नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने मंगलवार को सिविल हॉस्पिटल नैनपुर का औचक और गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा और स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### हर वार्ड का सूक्ष्म अवलोकन -

कलेक्टर श्री धोटे ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी और पैथोलॉजी लैब में मरीजों के पंजीयन और जाँच की गति को देखा। एक्स-रे और फिजियोथेरेपी विभाग में मशीनों की कार्यक्षमता और मरीजों को मिलने वाले लाभ की जानकारी ली। इस वार्ड के प्रभारी को निर्देश दिए कि वार्ड में आयुष विभाग की चिकित्सा पद्धति को भी फ्लेक्स, पोस्टर के माध्यम से प्रचारित करें। इसके साथ ही पुरुष वार्ड में भर्ती मरीजों और एनआरसी में भर्ती बच्चों के उपचार और पोषण आहार की स्थिति का अवलोकन किया।





उन्होंने यहाँ मौजूद महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने बताया कि काम के चलते उन्हें दिन भर घर से बाहर रहना पड़ता है। बच्चे परिवार के सदस्यों के साथ रहते है। कलेक्टर श्री धोटे ने निर्देशित किया कि बच्चों के डिस्चार्ज करने के बाद अभिभावकों को एक चार्ट तैयार करके दें ताकि घर पर माँ के ना होने पर भी परिवारजन चार्ट के हिसाब से आहार दे सकें। उन्होंने बीएमओ और एसडीएम को रोगी कल्याण समिति को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। अस्पताल में आयुष्मान मित्र के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलायें।

### मरीजों से जाना हालचाल -

निरीक्षण की सबसे खास बात कलेक्टर श्री धोटे का मानवीय दृष्टिकोण रहा। उन्होंने वार्डों में जाकर मरीजों और उनके परिजनों से व्यक्तिगत चर्चा की। उन्होंने पूछा कि उन्हें समय पर दवाइयां और भोजन मिल रहा है या नहीं, साथ ही डॉक्टरों के व्यवहार के बारे में भी फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर संसाधनों का बेहतर प्रबंधन कर अस्पताल की छोटी-मोटी समस्याओं को तत्काल हल किया जाए ताकि मरीजों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

### सफाई और अनुशासन पर जोर -

निरीक्षण के अंत में उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और स्टाफ की समय पर उपस्थिति और अनुशासन सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम आशुतोष ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ विनोद मरावी, बीएमओ डॉ. राजीव चावला सहित अन्य संबंधित चिकित्सक और स्टाफ मौजूद था।

// शपथ-पत्र //

मैं विभा खान, पति वाहिद अली, उम्र 48 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 03 नर्मदा जी वार्ड मण्डला, तहसील एवं जिला मण्डला की शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ- यह कि, मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। विवाह के पूर्व मेरा नाम विभा श्रीवास पिता श्री दीवान श्रीवास था। विवाह पश्चात मैं अपना नाम विभा खान, पति वाहिद अली लिखने लगी हूँ तथा मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों में भी मेरा नाम विभा खान, पति वाहिद अली दर्ज है। यह कि, मैं अपना पूर्व नाम विभा श्रीवास पिता श्री दीवान श्रीवास के स्थान पर विवाह के पश्चात विभा खान, पति वाहिद अली लिखने लगी है अतः जहां कहीं भी मेरा पूर्व नाम विभा श्रीवास पिता श्री दीवान श्रीवास दर्ज हो उसके स्थान पर मेरा वर्तमान नाम विभा खान, पति वाहिद अली पढ़ा, लिखा एवं समझा जावे। अस्तु मेरे द्वारा उक्त नाम से संबंधित यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है, जो पूर्णतः सत्य व सही है।

शपथकर्ता

## बाबा साहेब की जयंती मनाई गई

**निवास।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जन्म जयंती भव्यता से मनाई गई। उक्त जयंती समारोह में अनेकों जिलों के बसपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित हुये, वाहन रैली से नगर भ्रमण करते हुये कार्यकर्ता सभा स्थल पर पहुँचे जहाँ से मुख्य अतिथि नेताओं ने बाबा साहेब के विचारों व संघर्ष को बताते हुए देश में बहुजनों की बसपा सरकार बनाने का आह्वान जाना।

उक्त समारोह के मुख्य अतिथि एडवोकेट सचिन फूलचंद (मुख्य जोन प्रभारी मध्यप्रदेश) विशिष्ट अतिथि रामजी सतनामी (जोन प्रभारी जबलपुर) के साथ उमाकांत बन्देवार जोन प्रभारी बालाघाट, ज्ञानेश्वर गजभिये जोन प्रभारी बालाघाट,सेठ बालकिशन चौधरी (पूर्व प्रदेश प्रभारी



मध्यप्रदेश) इंदर सिंह उइके मुख्य जिला प्रभारी मंडला के अलावा बालाघाट, सिवनी, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पांडुरना, बैतूल आदि जिलों के जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष गण अपने कार्यकर्ताओ के साथ शामिल हुये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आर के चौधरी ने की एवं मंच संचालन जिला प्रभारी व पूर्व जिलाध्यक्ष उदय चौधरी ने की।

## भाजपा जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक हुई संपन्न

**मण्डला। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंडला में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी कार्यक्रमों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों में चर्चा हुई साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा हेतु आवश्यक विषय संबंधी दिशा निर्देश दिए गए। जिले के सभी मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जो प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुए हैं उसके संबंध में समीक्षा भी की गई ताकि भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों को और भी उत्साह के साथ और प्रदेश नेतृत्व से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप संपन्न किया जा सके ।**



### भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश चौकसे जी को दी गई श्रद्धांजलि -

भारतीय जनता पार्टी निवास क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चौकसे जी का दुखद निधन दिनांक 14/04/2026 को हो गया था । वे पार्टी के एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व रहे हैं । बैठक उपरांत उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और मौन धारण कर ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने हेतु प्रार्थना की गई ।

### जन्मदिवस कार्यक्रम भी हुआ

मंडला नगर पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कछवाहा के जन्मदिवस का कार्यक्रम भी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा मनाया गया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में जिले के समस्त पदाधिकारीगण एवं सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### लाठी से पीटकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बैरागढ़ निवासी भगवत पिता गोवर्धन धानक उम्र 27 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में भोजन करने के बाद घर जा रहा था। इसी दौरान गांव के दीपक पिता मान सिंह धानक व सूरज पिता बड्डू धानक मिले जो पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। प्रार्थी द्वारा जब गाली देने से मना किया तो दोनों ने एक राय होकर लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### रास्ता रोककर की मारपीट

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम उकासघाट निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव में दुकान से कुछ सामग्री लेकर घर जा रहा था उसी दौरान गांव को विष्णु ठाकुर मिला और रास्ता रोकते हुये गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### लाठी मारकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस कौडिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव में पानी टंकी के पास खड़ा था उसी समय गांव का दुल्ली धानक आया और सामाजिक बुराई को लेकर प्रार्थी को गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पत्नी ने ससुराल जाने से इंकार किया तो पति ने जड दिया ईट का गिट्टा

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छोटी बाबई निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसकी ससुराल चीचली थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोठिया में है और वह लगभग 15 दिवस पहले अपने मायके छोटी बाबई आई हुई थी। मगर बीते हुये दिवस प्रार्थिया का पति राजेश पिता बैरागी चौधरी गुस्से में आया और प्रार्थिया को ससुराल जाने के लिये बोला तो पत्नि द्वारा कहा कि तुरंत वह नही जा पायेगी। इसी बात को लेकर पति द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये अपनी पत्नी को ईट के गट्टा से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

---

अपनी बाल अवस्था में ही दिखाई देने लगा वेंटिलेटर पर तो लम्बी उम्र की कल्पना कर पाना क्या संभव हो सकता है..?

# विकास की सच्चाई बता रहा है एनटीपीसी मार्ग पर कुछ साल पहले बना हुआ पुल







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिये सरकारों द्वारा हर वर्ष सड़क निर्माण से लेकर पुल निर्माण कराने के नाम पर करोड़ो रूपया खर्च करने से नही चूकती है। मगर उन निर्माण कार्यो के दौरान निर्माण कार्यो की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के जिन अधिकारियों को सौपी जाती है उनके द्वारा की जाने वाली अनदेखी कही जावे या फिर फिर मिलीभगत की देन का परिणाम जिसके चलते वह निर्माण कार्य पूरे कुछ सालों में ही निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा अपनाई जाने वाली गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताते हुये दिखाई देने लगते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत गाडरवारा से ग्राम सुदरास गांगई से एनटीपीसी की ओर जाने वाले मार्ग सीतारेवा नदी के ऊपर करोड़ो रूपया की लागत से बने हुये उच्च स्तरीय पुल में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस पुल के लोकापर्ण को अभी लगभग कुछ साल का ही समय निकल पाया है और पुल पर जहां तहां से निकल रहे गड्डो व दरारो के बीच उभरकर ऊपर आ रही लोहे की राडे खुद की अपनी गुणवत्ता की कहानी को उजागर करते हुये जान पड़ रही है? ज्ञात हो कि क्षेत्र के तत्कालीन विधायक गोविंद सिंह पटैल द्वारा लगातार क्षेत्र विकास की सोच रखते हुये किये गये प्रयासों के परिणामों के चलते एनटीपीसी सहित क्षेत्र के गांवों को आसानी से पहुंचने के लिये गाडरवारा से सुदरास गांगई होते हुये एनटीपीसी मार्ग सीतारेवा नदी पर उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति प्रदान कराते हुये क्षेत्र के लोगों को एक बड़ी सौगात प्रदान की गई थी। इस तरह एनटीपीसी की ओर जाने वाले इस मार्ग पर पड़ने वाली सीतारेवा नदी पर 3482.10 लाख रूपया की लागत से 390 मीटर लम्बे व 12 मीटर चौड़ाई वाले पुल का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर एजेन्सी की देख रेख मैं रायल इन्फराकान्सट लिमिटेड द्वारा किया था। इस पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में इस पुल का लोकापर्ण बीते हुये वर्ष यानि की लगभग पांच वर्ष पहले 15 सितम्बर 2018 को प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्यि एवं प्रदेश के तत्कालीन लोक निर्माण विभाग के मंत्री ठाकुर राम पाल सिंह की अध्यक्षता सहित क्षेत्र के सांसद सहित राज्य सभा सदस्य व अनेक भाजपा नेताओं की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ था..? इस प्रकार से देखा जावे तो अभी इस पुल के लोकापर्ण कार्य को कुछ साल का समय निकल पाया है। मगर इस पुल की स्थिति जिस प्रकार से देखने मिल रही है वह निश्चित ही पुल निर्माण कार्य में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी को खुद ही उजागर करने से नही चूक पा रही है..? बताया जाता है कि पुल के ऊपर बनाई गई पैदल चलने वाली पट्टी पापड़ की तरह टूटते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर पुल के बीचों बीच जिस प्रकार से घास की हरियाली फैलने के कारण यह पुल कम और पशुओं की चरोहर भूमि प्रतीत होने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर पुल व सड़क को जोड़ने वाले स्थल से लेकर बीचों बीच निकल रहे गड्डों से लोहे की राड़े निकलते हुये दिखाई पड़ रही है वह जहां निर्माण कार्य में अपनाई गई अफलतबाजी की कहानी को उजागर करने के साथ साथ लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूक पा रही है..? वही दूसरी ओर पुल के बीचों बीच अनेक जगहों पर निकलती हुई दरारों के आलवा दांत दिखाती हुई गिट्टी पुल के निर्माण कार्य के दौरान देख रेख करने वाले अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही है? इस प्रकार से करोड़ो की लागत से बने हुये इस पुल पर जहां तहां से निकल रही लोहे की राडो के आलवा पड़ रही दरारे व दांत दिखाती हुई गिट्टी पुल को पास करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बनाने से नही चूक पा रही है..? गौर किया जावे तो इस पुल का निर्माण हुये कुछ साल का समय बीता हुआ है और इस पुल की स्थिति जर्जर होते हुये दिखाई पड़ रही है। यह सच्चाई इस बात का अंदेशा प्रकट करने से नही चूक पा रही है कि निश्चित ही इस पुल की उम्र शायद ज्यादा लम्बी नही हो पायेगी.., क्योंकि बाल अवस्था में यह हाल है तो फिर आगे की अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है? यह बात अलग है कि निर्माण कार्य एक निजी कंपनी द्वारा किया गया है। मगर जब शासन की राशि के माध्यम से कोई निर्माण कार्य किसी निजी कंपनी द्वारा किया जाता है तो उसकी देख रेख शासन के अधीन रहने वाले विभाग के अधिकारियों द्वारा ही की जाती है और निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में जब तक संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे पास नही किया जाता है जब तक उस निर्माण कार्य को पूर्ण नही माना जाता है। इसी प्रकार से इस पुल को भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा पास किया गया होगा तभी तो इसका लोकापर्ण हुआ होगा? मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस प्रकार से लोकापर्ण को अभी चंद वर्ष ही निकल पाये है और इस पुल की जो स्थिति निर्मित होते हुये देखी जा रही है उसका जिम्मेदार कौन माना जावेगा..? क्योंकि निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा तो निर्माण कार्य करते हुये इस पुल को शासन के लिये सौप दिया गया और शासन में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा इसे पास किया गया होगा जब पुल में अभी से इस प्रकार से लोहे की राडे निकलने के साथ साथ पड़ रही दरारों के आलवा निकल रही गिट्टी निश्चित ही इस पुल को पास करने वाले अधिकारियों की भूमिका पर अनेक प्रकार के सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर यदि इस पुल के निर्माण के दौरान अपनाई गई गुणवत्ता की निष्ठा के साथ जांच हो जाती है तो निश्चित चौकाने वाली सच्चाई सामने आने से नही चूक पायेगी?

# बाबा साहब ने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश को लोकतंत्र की मजबूत नींव दी



**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** संविधान के निर्माता बाबा साहेब की जयंती शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बडे उत्साह के साथ मनाई गई। इसी प्रकार से बीते हुये मंगलवार को जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम खुलरी में क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल की मौजूदगी में जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक पटैल ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि संविधान का निर्माण करते हुये बाबा साहेब ने देश को इस तरह की नींव प्रदान की गई है कि उस पर संपूर्ण देश का ढाचा खड़ा हुआ है। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, परिश्रम और सफलता की प्रेरणादायक गाथा है। अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जन्म लेकर उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि यदि मन में संकल्प हो तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। बाबा साहेब ने संविधान में सभी नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार दिलाया। आज हम जो लोकतंत्र में स्वतंत्र रूप से जी रहे हैं, उसमें उनका महान योगदान है। डा. अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। उनका यह संदेश आज भी हर युवा, हर विद्यार्थी और हर नागरिक के लिए प्रेरणा देता है। हमें शिक्षा को अपनाकर समाज में फैली बुराइयों को दूर करना चाहिए।आज आवश्यकता है कि हम बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में उतारें। जाति, भेदभाव और अन्याय से ऊपर उठकर एक समरस और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अवधेश प्रताप रीछा, जी एल वर्मा, अरविंद पेठिया सिहोरा, राजेंद्र पटेल, संजू दुबे खुलरी, ठाकुरपाल सिंह, राकेश श्रीवास्तव, ऋषि पचौरी, भोजराज जाटव, सूर्य प्रताप बिलोनी, पंकज शर्मा हरई के साथ बड़ी संख्या ग्रामवासियों सहित महिलाएं बच्चें उपस्थित थी।

# कक्षा दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में रहा उत्सुकता का माहौल




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। बुधवार का दिन निश्चित रूप से शिक्षा जगत के लिये उत्सुकता पूर्ण रहने से नही चूक पाया है। क्योंकि जहां सुबह से ही अपने परीक्षा परिणामों को लेकर छात्र छात्राओं द्वारा मंदिर के द्वार पर खड़े होकर घंटी बजाते हुये इस बात की कामना करते हुये देखे जा रहे थे कि हे भगवान हमारे परिणाम का ध्यान रखना...। कुछ इसी प्रकार का हाल शिक्षकों का भी था क्योंकि परीक्षा परिणाम के आधार पर ही उनकी शाख दांव पर लगी हुई थी।**

विशेष रूप से देखा जावे तो वोर्ड परीक्षा परिणाम गाडरवारा क्षेत्र के लिये महत्व पूर्ण साबित होने से इसलिये नही चूक रहा था। क्योंकि प्रदेश के शिक्षा मंत्री गाडरवारा विधायक ही है और इस स्थिति में किसी स्कूल का यदि परीक्षा परिणाम में गड़बडी आती है तो उस स्कूल के शिक्षको के लिये चिंता जनक बनने से नही चूकता..। इस प्रकार से बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सत्र 2025- 26 की माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किये गये। घोषित हुए परीक्षा परिणामो को लेकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों मे उत्सुकता का माहौल देखा गया । उल्लेखनीय है कि नरसिंहपुर जिला पिछले 2 वर्षो से समूचे मप्र मे इन परिणामो मे अव्वल रहा था। लेकिन इस बार तृतीय स्थान रहा। बुधवार को घोषित हुए नतीजो मे क्षेत्र के विद्यार्थियों ने प्रदेश व जिले की मेरिट सूची मे अपना स्थान बनाया। कक्षा 10 वी के नतीजो मे ग्राम सूखाखेरी के शा उ मा विद्यालय के छात्र कृष्णा कौरव ने 500 में से 492 अंको के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट मे आठवा स्थान प्राप्त करते हुये अपनी संस्था को गौरव बढ़ाया है। इसी प्रकार से कक्षा 12 वी के नतीजो मे साईखेड़ा के चैतन्य स्कूल अध्ययन करने वाले छात्र आदित्य कुशवाहा ने गणित संकाय में 500 में से 485 अंक लेकर प्रदेश की मेरिट लिस्ट मे आठवा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार कक्षा 12 वी के परीक्षा परिणामें में जिले की मैरिट सूची मे सेन्ट्रल पब्लिक अकादमी साइंखेड़ा की छात्रा कृतिका राजपूत ने 478 अंकों के साथ तृतीय स्थान तो कक्षा 10 वी की मैरिट सूची मे नगर के एक निजी स्कूल के छात्र युवराज शर्मा ने 490 अंक एवं साईंखेड़ा से सरस्वती उ मा विद्यालय की छात्रा दीपिका उमरेले ने 490 अंक के साथ प्रथम, सेन्ट्रल पब्लिक अकादमी साईखेड़ा से साक्षी राजपूत ने 489 अंक के साथ द्वितीय एवं आदर्श स्कूल साईखेड़ा से राशि त्रिवेदी ने 489 अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। घोषित परिणामो को लेकर कही खुशी तो कही निराशा का माहौल देखने मिला है।

# बगैर परमिट दौड़ रहे चार पाहिया वाहन



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** आबादी के बढ़ते दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है, जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी व मैजिक गाड़ी धडल्ले से चल रहे है, कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराये से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरासर परिवहन नियमों की अवहेलना में आता है? एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है, वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व मे भी कमी आ रही है तो दूसरी ओर देखने मे आ रहा है कि अधिकांश जीप, मार्शल, बुलेरो, स्कारपियों या उसे जैसे वाहन निजी कंपनियों में किराय पर सवारी ढोने के काम मे लगे हुए है, इस प्रकार वाहन मालिक टैक्स की राशि बचाकर अपने वाहनों को सवारियों के परिवहन मे लगा देते है और परिवहन विभाग कभी इसी जांच के लिए व्याापक अभियान नही छेड़ता, परिणाम स्वरूप ऐसे वाहन धडल्ले से चल रहे और इनकी संख्या दिनो दिन बढ़ती जा रही है। जब कोई दुर्घटना होती है तब अधिकारियों से लेकर आम पब्लिक हाथ मलते रह जाती है। नगर में स्थित व क्षेत्र में स्थित अनेक कंपनियों में इसी प्रकार अधिकांश शासकीय विभागों मे निजी वाहनों को किराए पर लगाया गया है, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी सरकारी दप्तर से आवश्यकता होने पर जो वाहन किराए पर लगाए जाएं उनका रजिस्ट्रेशन परिवाहन विभाग मे टैक्सी वाहन के रूप मे होना अनिवार्य है, परिवहन विभाग के पास इन वाहनों पर कार्यवाही किये जाने की जानकारी नही मिली। शासन के आदेश की विभागीय अधिकारी विभाग भी इस दिशा मे उदासीनता प्रदार्शित कर रहा है।

# पंचायतों के विकास कार्यों के नाम शासन को लग रहा चूना



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से सरकार द्वारा गांवों की सूरत बदलने के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू करके इसकी सफलता के लगातार प्रयास तो किये जा रहे है, मगर पंचायतों का विकास सिर्फ कागजों तक ही सीमित होते हुए दिखाई देने के साथ उनका कार्यकाल समाप्ति की ओर पहुंचते हुये दिखाई देने लगा है? जब ग्रामीण अंचलों की की ओर रूख किया जाता हो तो पंचायती राज के विकास कार्यो को पोल अपने आप की खुलते हुए दिखाई देने लगती है? क्योंकि पंचातयों में हुये विकास कार्य उसी सरपंच के कार्यकाल को पूरा नही हो पाने के पहले ही अपने गुणवत्ता की सच्चाई बताते हुए टूटते हुए दिखाई देने से नही चूक रहा है? यदि पंचायतों में शासन द्वारा विकास के नाम पर खर्च की जाने वाली राशि की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायत जहां धन राशि के आभाव से जूझ रही है तो अनेक पंचायत इस प्रकार की भी देखी जा रहा है जिनमें में प्रभावशाली वरिष्ठ अधिकारियों की कृपा दृष्टि होने के चलते उन पंचायतों को अनाप शनाप राशि आवंटित हो जाती है और पंचायतों के प्रतिनिधियों द्वारा उस राशि से जिस प्रकार का विकास किया जाता है उस विकास कार्य की उम्र सिर्फ पत्थरों में नाम लिखे जाने तक ही बनी हुई दिखाई देते हुए देखी जा रही है..? इतना रही नही जिन पंचायतों को मनमानी धन राशि प्राप्त हो जाती है है उनके अधिकांश पंचायत जनप्रतिनिधियों ने ग्राम के समग्र विकास में रूचि न लेते हुए केवल अपने परिजनों, नजदीकी नाते रिश्तेदारों को उपकृत करने का ही काम किया जिसके चलते पंचायत का विकास कम और पंचायत प्रतिनिधियों का विकास होते हुए ज्यादा दिखाई दे रहा है, इस प्रकार की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचातयों द्वारा जिस प्रकार से पूर्व के समय में तालाब सड़के आदि बनवाने कार्य किया गया है उन कार्यो में सिर्फ शासन की राशि बर्बाद होने के नजारे ही दिखाई पड़ रहे है? क्योंकि अनेक पंचायतों द्वारा ऐसी जगहों पर तालाब खुदवाये गये है जहाँ गर्मी तो ठीक बरसात में भी पानी नहीं रूकता क्योंकि यह स्थल ऊँचाई वाले क्षेत्र में हैं, वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि राजीव गाँधी जलग्रहण योजना के तहत जल का स्तर ऊँचा उठाने में भी कुछ इसी प्रकार की सच्चाई देखने मिलने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस प्रकार के विकास कार्यो को पास करते हुए पंचायतों को ओके रिर्पोट पेश करना जहां अधिकारियों की कार्य शैली पर प्रश्न वाचक चिन्ह लगाते हुए जान पड़ रहा है।

# नियम विपरित वाहनों में लगे हुये लाईट बन रहे दुर्घटनाओं के कारण



**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाली वाहनों की मनमानी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू दिखाई देने से नही चूक रहे है क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले कई वाहनो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह निर्धारित नियमों के विरूद्ध संचालित होने के साथ साथ यह खस्ताहाल वाहन जहां पर्यावरण को बिगाड़ रहे है, वही ये दुर्घटानाओ के कारण भी बनने से भी नही चूक है? क्योंकि जिस प्रकार से वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों में नियम विरूद्ध लाईट लगाये हुये है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का प्रमुख कारण सामने आने से नही चूक पाता है, जहां अनेक चार पहिया वाहन इस प्रकार से होते है जिनका मात्र एक ही हेड लाईट चलते हुये देखा जाता है जिसके चलते इस प्रकार के वाहन को अधिकांश समय लोग दो पहिया वाहन समझते हुये अपनी मोटर साईकिल को काटता है तो वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर अनेक वाहनों में निर्धारित माप दंडों के अतिरिक्त तेज रोशन वाली लाईट लगे होते है जो सामने से आने वाली वाहन चालक को रास्ता दिखना ही बंद हो जाता है, उसके कारण वह दुर्घटना का शिकार होने से नही बच पाता है? इस प्रकार की सच्चाई सबसे अधिक सड़को पर दौड़ रहे आटों में देखने मिल रहा है, क्योंकि आटों चालकों द्वारा अपने आटों में मनमाफिक रूप से आटों के ऊपर व अन्य जगहों पर जो अतिरिक्त लाईट लगाये हुये है वह छोटे वाहन चालकों के खिलाफ खतरा का कारण बनने से नही चूक रहे है? इस प्रकार की सच्चाई के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये आटों व चार पहिया वाहनों में जिस प्रकार निर्धारित नियमों को दर किनार करते हुये अतिरिक्त लाईट लगाये गये है उनकी जांच के लिये एक मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जावे जिससे आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

# बाइक सवारों का रास्ता रोककर की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर की स्थिति इस तरह से देखने मिल रही है कि मनमानी करने वालों के लगातार हौसला बुलंद होते चले जा रहे है और व राह चलते हुये लोगों को रोकते हुये मारपीट करने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों रेल्वे स्टेशन के समीप टगना पुल के पास देखने मिली। जब रेल्वे में प्राईवेट कार्य करने वाले राजस्थान निवासी दो युवकों के साथ अज्ञात लोगों द्वारा रास्ता रोककर मारपीट कर चोटे पहुंचाई और इस दौरान उनकी सोने की चेन गायब हो गई। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस मूलरूप से घोटडा खालसा राजस्थान हाल निवासी शिव दयाल का मकान विजय कालोनी निवासी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वही रेल्वे में प्राइवेट काम करता है। बीते हुये दिवस की बात है जब वह अपने दोस्त शुभम पंचाल के साथ मोटरसाईकल से रेल्वे स्टेशन गाडरवारा से शंक्कर पुल पोकलेन मशीन चैक करने जा रहे थे जैसे ही टंगना पुल के पास पहुचे तभी एक अज्ञात व्यक्ति मोटर साईकल से पीछे तरफ से आया और प्रार्थी को रोककर बोला कि तुम लोग कौन हो कहा जा रहे हो। तो प्रार्थी ने बोला कि हम लोग रेल्वे में काम करते है पोकलेन मशीन चैक करने शक्कर नदी पुल जा रहे है। अचानक युवक द्वारा प्रार्थी की कालर पकडकर गाडी से नीचे उतारते हुये गंदी गंदी गालिया देते हुये अन्य किसी व्यक्ति को रोहित लाठी लेकर आ बोला गया। इसके बाद रोहित नामक युवक लाठी लेकर आया और प्रार्थी सहित उसके साथी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई इस दौरान प्रार्थी की सोने की चेन गायब हो गई। वही प्रार्थी का आरोप है कि युवको द्वारा मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.: 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## 10वीं बोर्ड परीक्षा में उर्जा अग्रवाल का शानदार प्रदर्शन

### 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में सफलता



**शहपुरा .** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा घोषित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 के परिणाम में उर्जा अग्रवाल ने शानदार सफलता हासिल की है। उन्होंने कुल 484 में से 500 अंक प्राप्त कर 96०8 प्रतिशत के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपने विद्यालय और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।उर्जा अग्रवाल ने सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगभग हर विषय में डिस्टिंक्शन प्राप्त की। उन्होंने अंग्रेजी में 87 अंक हिंदी में 97 अंक संस्कृत में 98 अंक गणित में 96 अंक विज्ञान में 97 अंक तथा सामाजिक विज्ञान में 96 अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि से उनकी प्रतिभा और मेहनत स्पष्ट रूप से झलकती है।

उर्जा के पिता विकास अग्रवाल और माता पूजा अग्रवाल ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उसकी मेहनत और लगन का परिणाम बताया। शिक्षकों ने भी इस सफलता का श्रेय उर्जा के अनुशासन और निरंतर अध्ययन को दिया।उर्जा अग्रवाल को पर्यावरण शिक्षा एवं आपदा प्रबंधन में । प्लस ग्रेड भी प्राप्त हुआ है जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अन्य विद्यार्थियों के लिए यह प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

## डिंडौरी जिले के विद्यार्थियों ने राज्य मेरिट में बनाई जगह

**डिंडौरी।**माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। परिणामों की घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल से की।




जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं की परीक्षा 78 केंद्रों पर आयोजित हुई जिसमें 8383 नियमित और 1279 स्वाध्यायी छात्र शामिल हुए। इनमें 4756 छात्र प्रथम श्रेणी में 2164 द्वितीय श्रेणी में और 23 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जबकि 1342 विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में शामिल होंगे।

कक्षा 12वीं की परीक्षा 65 केंद्रों पर आयोजित हुई जिसमें 6099 नियमित और 1257 स्वाध्यायी छात्र सम्मिलित हुए। इनमें 3769 छात्र प्रथम श्रेणी में 1526 द्वितीय श्रेणी में और 3 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जबकि 800 विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में शामिल होंगे।घोषित परिणामों के अनुसार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 83०8 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परिणाम 86०87 प्रतिशत रहा। इस प्रदर्शन के आधार पर डिंडौरी जिले ने राज्य स्तर पर कक्षा 10वीं में 9वां और कक्षा 12वीं में 8वां स्थान प्राप्त किया जो जिले के लिए गौरव की बात है।

राज्य मेरिट सूची में भी जिले के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। कक्षा 10वीं में कुमारी मालती पाराशर ने 500 में 490 अंक प्राप्त कर 98 प्रतिशत के साथ प्रदेश में 10वां स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं में ध्रुव कुमार साहू ने 500 में 485 अंक प्राप्त कर 97 प्रतिशत के साथ प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त किया।

जिला मेरिट सूची में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं में भुवनेश्वरी ठाकुर रघुनंदन ठाकुर और ऊर्जा अग्रवाल ने स्थान बनाया। वहीं कक्षा 12वीं में रूपेश यादव शिवाली साहू तनुश्री साहू सरस्वती पारासर झिलमिल मरावी ललित मशराम सैयद मंतशा कौसर अमलेशवरी धुर्वे और कौशल्या राजपूत शामिल रहे।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मेधावी विद्यार्थियों उनके अभिभावकों और विद्यालय प्राचार्यों को कलेक्टर निवास पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। उन्हें पुष्पगुच्छ और मिठाई भेंट कर बधाई दी गई तथा प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई।कलेक्टर ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र डिंडौरी के विद्यार्थियों द्वारा प्रदेश स्तर पर टॉप 10 में स्थान प्राप्त करना गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष परीक्षा परिणामों में सुधार हुआ है जिसमें हाई स्कूल में 1०89 प्रतिशत और हायर सेकेंडरी में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और निरंतर परिश्रम करने की सलाह दी।मेधावी छात्र ध्रुव कुमार साहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और शिक्षकों को दिया। छात्रा मालती पाराशर ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार और शिक्षकों के सहयोग से यह सफलता मिली और वे आगे भी मेहनत जारी रखेंगी।इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्ते जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित प्राचार्य शिक्षक अभिभावक और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दे रहे दिशा मानिकपुर मंडल में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**शहपुरा .** भारतीय संविधान के शिल्पकार और भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मानिकपुर द्वारा मंडल कार्यालय तथा ग्राम गजबहार में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को स्मरण किया।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा समाज को दिए गए महान योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने अपने जीवन में सामाजिक समानता शिक्षा और अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और न्याय की मजबूत आधारशिला प्रदान की। उनके विचार आज भी समाज को एकता समरसता और शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष तथा वर्तमान में जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र मरावी महामंत्री राजेंद्र तिवारी मंडल उपाध्यक्ष तथा सरपंच रामकुमार परस्ते दिलीप झारिया मंडल कार्यालय मंत्री विश्वनाथ झारिया सोशल मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र पवन झारिया सुकरुद्दीन झारिया चमन झारिया कैलाश झारिया सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक माताएं बहनें और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में शिक्षा समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## तहसील कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित दलालों से सावधान रहने की अपील

**शहपुरा .** आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ऐश्वर्य वर्मा तथा तहसीलदार आर पी मार्को द्वारा तहसील कार्यालय शहपुरा में विशेष हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई है।



इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को बिना किसी परेशानी के सही मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। हेल्प डेस्क के माध्यम से प्रशासन ने दलालों और बिचौलियों पर रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश भी जारी किए हैं।हेल्प डेस्क के माध्यम से नागरिकों को राजस्व विभाग से जुड़ी सभी सेवाओं के लिए निःशुल्क जानकारी और सलाह दी जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आवेदक सीधे हेल्प डेस्क पर संपर्क कर सकते हैं या लिखित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। राजस्व से संबंधित सभी आवेदन अब इसी डेस्क पर स्वीकार किए जाएंगे जिन्हें बाद में संबंधित कार्यालय में दर्ज किया जाएगा।

कार्यालय परिसर में दलालों से सतर्क रहने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाया गया है। यदि कोई व्यक्ति किसी कार्य के बदले धन की मांग करता है तो उसके विरुद्ध तत्काल शिकायत दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन ने जिम्मेदार अधिकारियों के संपर्क नंबर भी सार्वजनिक किए हैं।प्रशासन की इस पहल से आम जनता में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि हेल्प डेस्क की सुविधा मिलने से अब उन्हें कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और बिचौलियों से भी राहत मिलेगी।

## जनगणना 2026.27 की तैयारियां तेज शहपुरा में मकान सूचीकरण प्रशिक्षण का शुभारंभ

**शहपुरा .** जनगणना वर्ष 2026.27 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के उद्देश्य से सुपरवाइजर और प्रगणकों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में प्रारंभ किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए जनगणना की प्रक्रिया उसके महत्व और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है जिसे पूर्ण जिम्मेदारी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करना आवश्यक है।

प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्ता और अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया। एसडीएम ने सभी सुपरवाइजर और प्रगणकों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को गंभीरता से समझें और फील्ड में कार्य करते समय किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। उन्होंने कहा कि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े ही विकास योजनाओं की मजबूत नींव होते हैं।मास्टर ट्रेनर्स को भी निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित अवधि में सभी प्रतिभागियों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण दें ताकि प्रत्येक कर्मचारी अपने दायित्वों को अच्छी तरह समझ सके और कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की बाधा न आए।एसडीएम ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए



जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हो सके।इस अवसर पर आर पी मार्को तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी बी एस धुर्वे नायब तहसीलदार रैपुरा टी एल धुर्वे नायब तहसीलदार मेहंदवानी गुरुप्रसाद साहू बीआरसी डी के श्रीवास्तव प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।जनगणना 2026.27 के सफल क्रियान्वयन के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक मजबूत आधार साबित होगा जिससे क्षेत्र में सटीक आंकड़ों के संकलन के साथ विकास योजनाओं को नई गति मिलेगी।

## अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर भेदभाव के आरोप छोटे व्यापारियों में आक्रोश

**डिंडोरी .** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा परिसर के बाहर चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान पर अब सवाल उठने लगे हैं।





तहसील राजस्व नगर परिषद और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद प्रभावित छोटे व्यापारियों ने प्रशासन पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।अस्पताल प्रांगण के बाहर तहसील रोड पर स्थित टपरी और गुमटी हटाने की कार्रवाई से नाराज व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन ने केवल छोटे और रोजमर्रा का व्यवसाय करने वालों को ही निशाना बनाया है जबकि अन्य स्थानों पर वर्षों से जमे अतिक्रमण को नजरअंदाज किया जा रहा है।

व्यापारी दिनेश साहू सहित अन्य लोगों ने बताया कि सरकारी अस्पताल की बाउंड्री के बाहर छोटे व्यापारियों की टपरी और गुमटियां हटाई गईं लेकिन अस्पताल परिसर के रेस्ट हाउस रोड सहित अन्य हिस्सों में लंबे समय से अतिक्रमण करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि प्रशासन कुछ लोगों पर मेहरबान है और उनके खिलाफ जानबूझकर कार्रवाई नहीं की जा रही है।इस चयनात्मक कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाना है तो पूरे क्षेत्र में समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए न कि केवल कमजोर और छोटे व्यापारियों को ही प्रभावित किया जाए।व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल परिसर के चारों ओर फैले सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाया जाए और कार्रवाई में पारदर्शिता तथा निष्पक्षता बरती जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसी तरह भेदभावपूर्ण कार्रवाई जारी रही तो वे विरोध करने को मजबूर होंगे।शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की मंशा के बीच यदि कार्रवाई पर भेदभाव के आरोप लगते हैं तो यह प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। फिलहाल शहपुरा में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या रुख अपनाता है।

## जनगणना 2026 कलेक्टर ने की अपील, 16 से 30 अप्रैल तक करें ऑनलाइन स्व पंजीयन

**डिंडौरी ।** भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार 1 मई से 31 मई 2026 तक जनगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा। इसके पूर्व नागरिकों की सुविधा के लिए 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन स्व जनगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है।इस अवधि में नागरिक स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। इसके लिए आधिकारिक वेबसाइट ीजजचे म बमदेन हवअ पद पर जाकर पंजीयन करना होगा। पंजीयन के दौरान मोबाइल नंबर दर्ज करने पर ओटीपी प्राप्त होगा जिसके माध्यम से सत्यापन कर नागरिक जनगणना से संबंधित प्रश्नों के उत्तर आसानी से भर सकते हैं।



ऑनलाइन फॉर्म में पूछे जाने वाले प्रश्न सरल एवं हां और नहीं के प्रारूप में हैं जैसे आवास की स्थिति और फर्श का प्रकार आदि। यह सुविधा विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयोगी है जो कार्य के कारण दिन में घर पर उपलब्ध नहीं रहते।ऑनलाइन जनगणना पूर्ण करने के बाद नागरिकों को एक यूनिक लगभग 11 अंकों की आईडी प्राप्त होगी। जब प्रगणक घर पर जानकारी लेने पहुंचेगा तब यह आईडी बताने पर प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूर्ण हो जाएगी।कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि इस जनगणना का राशन कार्ड या गरीबी रेखा से कोई सीधा संबंध नहीं है बल्कि यह आंकड़े विभिन्न शासकीय योजनाओं के निर्माण के लिए उपयोग किए जाते हैं।कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन पंजीयन करें प्रगणकों का सहयोग करें और सही जानकारी प्रदान करें ताकि विकास योजनाएं वास्तविक आंकड़ों के आधार पर तैयार की जा सकें।

## डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, सैकड़ों मरीजों को मिला उपचार लाभ

**डिंडौरी .** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक जिले के विभिन्न विकासखंडों में सिकल सेल सह स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए कुल 589 मरीजों को उपचार लाभ प्रदान किया गया।अमरपुर विकासखंड के ग्राम चंद्रगण में 156 डिंडौरी विकासखंड के जमगांव में 135 करंजिया के गोपालपुर में 160 मेंहदवानी के कनेरी में 70 तथा शहपुरा के पलकी में 168 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।



शिविरों में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं जिनमें गर्भावस्था देखभाल प्रसव सेवाएं नवजात और शिशु स्वास्थ्य किशोर स्वास्थ्य परिवार नियोजन संक्रामक और असंचारी रोगों जैसे उच्च रक्तचाप मधुमेह और कैंसर की जांच तथा उपचार ईएनटी सेवाएं मानसिक स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाएं शामिल रहीं।इसके साथ ही 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की उच्च रक्तचाप मधुमेह और कैंसर की जांच टीबी स्क्रीनिंग और एक्स रे सुविधा तथा ग्रीष्मकालीन बीमारियों जैसे लू और उल्टी दस्त से बचाव और उपचार की जानकारी भी दी गई। शिविरों में पोषण एनीमिया नियंत्रण संतुलित आहार और शिशु स्वास्थ्य पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।इसी क्रम में 15 अप्रैल 2026 को अमरपुर विकासखंड के चंद्रागढ़ सेक्टर सिधौली तथा ग्राम पलकी और कनेरी में भी स्वास्थ्य शिविर लगाए गए जहां ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया।जिला प्रशासन द्वारा ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और जन जागरूकता बढ़ाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## शहपुरा में मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण



**डिंडौरी .** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार गठित जांच दल ने बुधवार को शाहपुरा विकासखंड में संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान आकाश मेडिकल स्टोर्स कछवाहा मेडिकल स्टोर्स वर्षा मेडिकल स्टोर्स नवीन मेडिकल स्टोर्स द्वारका मेडिकल स्टोर्स अग्रवाल मेडिकल एंड सर्जिकल तथा मोहनलाल गुलवानी मेडिकल स्टोर्स का विस्तृत परीक्षण किया गया।

जांच के दौरान सभी मेडिकल स्टोर्स में किसी भी प्रकार की बड़ी अनियमितता नहीं पाई गई। टीम ने दवाओं के रखरखाव लाइसेंस संबंधी दस्तावेज तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।इस दौरान सभी संचालकों को भविष्य में शासन द्वारा निर्धारित नियमों और मानकों का पालन करते हुए मेडिकल स्टोर्स का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्हें आवश्यक समझाइश भी दी गई।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो सकें।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा डिंडौरी में निबंध और व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन

**डिंडौरी .** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में 10 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।इसी क्रम में 15 अप्रैल 2026 को शासकीय चंद्र विजय महाविद्यालय डिंडौरी में नारी शक्ति वंदन सम्मान विषय पर निबंध लेखन और व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजित की गई।




प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए।प्रतिभागियों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के अंतर्गत महिलाओं को लोकतंत्र में 33 प्रतिशत आरक्षण नारी सम्मान सुरक्षा तथा महिला और बालिकाओं के लिए संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी साझा की। विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के महत्व को प्रमुखता से रखा।कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ पार्वती कुशराम डॉ शशि गौतम डॉ प्रतिमा संत डॉ राजेश वरकड़े नगर परिषद की सीएमओ श्रीमती कमलेश साहू वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती सविता धार्वे केस वर्कर श्रीमती समरतो सरोते तथा श्रीमती स्मिता चौरसिया सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अंशिका का सुयश



**नरसिंहपुर।** गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में अंशिका ने सफलता हासिल कर कक्षा 10वीं के 2026 के परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल कर नाम रोशन किया। अंशिका सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर की कक्षा 10वीं की छात्रा है। कु. अंशिका की इस सफलता शाला परिवार, पापा मम्मी एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सुरों की मल्लिका को दी पुष्पांजलि



**नरसिंहपुर।** गत दिवस आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर ने उनके गीतों को गुनगुना कर श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि बीते दिनों महान गायिका आशा भोसले ब्रम्हलीन हो गई। उनका जाना संगीत समाज के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद की रीजनल महिला प्रमुख भारती कौरव के द्वारा आशा जी के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को बताया। भागीरथ विश्वकर्मा के द्वारा आशा जी का जाना संगीत समाज के लिया अपूरणीय क्षति है। कार्यकम में माधव शिंदे, अनिल नेमा, अरविंद पाठक मुकेश शर्मा, बृजेश विश्वकर्मा, भागीरथ विश्वकर्मा, राजमणि विश्वकर्मा, विकास हार्दिक नेमा, किशन बरडिया, नीलू बरडिया, सुनीता झारिया आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### वार्षिक उत्सव संपन्न में दिया गया लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**नरसिंहपुर।** ऑफिसर्स लेडीज क्लब एवं नारी कल्याण संगठन ने वार्षिक उत्सव मनाया। सदस्य अपने परिवार के साथ हर्षोल्लास से सम्मिलित हो मित्रता को प्रगाढ़ करते दिखाई दिए। इस अवसर पर संगठन की सबसे वरिष्ठ सदस्या श्रीमती प्रतिमा तिवारी को समाज सेवा और महिला कल्याण में अपने जीवन के अनवरत 53 वर्षों की निष्ठा और समर्पण के लिए स्वयं सिद्धा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यहां ये बता दें कि नारी कल्याण संगठन नगर की सबसे पुरानी और जानी मानी संस्था है जो पिछले 53 वर्षों से निरंतर नारी कल्याण एवं समाज सेवा में संलग्न हैं और महिलाओं के उत्थान, सशक्तिकरण और समाज में जागरूकता फैलाने में प्रयासरत है। इस अवसर पर संगठन की सभी सदस्य बड़े उत्साह से परिवार समेत उपस्थित रहीं।

### दोनो संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता रहा नरसिंहपुर



**नरसिंहपुर।** गत दिवस सिवनी में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की 12 वीं संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में नरसिंहपुर जिला 50 वर्ष से अधिक तथा 50 वर्ष से कम दोनों श्रेणी में विजेता रहा, फिफ्टी प्लस की टीम में अम्बरीष शर्मा, प्रतुल इन्दुरख्या एवं विक्रम शर्मा ने तथा अंडर फिफ्टी टीम में मुदित कौरव, विवेक मिश्रा एवं अनुज जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को विजय दिलाई, महिला वर्ग से श्रीमती भावना विश्वकर्मा, मंजरी उपाध्याय एवं गुंजेश्वरी लखेरा ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी नरसिंहपुर ने जिले को मिली इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं, राज्य स्तर की प्रतियोगिता में अम्बरीष शर्मा, मुदित कौरव एवं प्रतुल इन्दुरख्या को जबलपुर संभाग की टीम से प्रतिनिधित्व के लिए चयन किया गया है, राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 1 मई 2026 को छतरपुर में आयोजित होगी।

### समाधान योजना में लक्ष्य प्राप्त न होने पर होगी कार्रवाई



**नरसिंहपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वृत्त के अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव और कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले ने ऊर्जा विभाग की चलाई जा रही समाधान योजना का निरीक्षण किया। नरसिंहपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता ने सख्त निर्देश दिए कि वृत्त के सभी सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता 30 अप्रैल तक प्रत्येक गांव में शिविर लगायें और 80 प्रतिशत तक प्रत्येक वितरण केन्द्र लक्ष्य प्राप्त कर लें।

## प्रदेश तीसरा व संभाग में प्रथम जिले को मिला स्थान

# कक्षा 10 वीं और 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित







### कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश के द्वारा संचालित हाई स्कूल हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिले में हाई स्कूल कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 91.21 प्रतिशत और हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 92.62 प्रतिशत रहा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को इस सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं विद्यालय के प्राचार्यों की भी प्रशंसा की।

### सफलता विद्यार्थियों की मेहनत

कलेक्टर ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार कुशवाहा, डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, बीईओ ब्रजेश शर्मा सहित संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार कुशवाहा ने बताया कि जिले में सत्र 2026 में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 91.21 प्रतिशत है। जिले ने प्रदेश में तीसरा और संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हाई स्कूल परीक्षा में जिले के 5 विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 92.62 प्रतिशत रहा।

### प्रदेश में तीसरा व संभाग में पहला स्थान

जिले ने 12वीं की परीक्षा में प्रदेश में तीसरा और संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही हायर सेकेंडरी परीक्षा में जिले के दो विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि कक्षा 10 वीं में 13087 दर्ज परीक्षार्थियों में से 13040 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनका परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। घोषित परीक्षा परिणाम में 9494 परीक्षार्थी उत्तीर्ण होकर प्रथम श्रेणी में शामिल हैं, जिसमें 4215 बालक व 5279 बालिकाएं शामिल हैं। इसी तरह 1472 बालक व 899 बालिका इस तरह कुल 2371 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी और 23 बालक व 6 बालिकाएं इस तरह कुल 29 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में शामिल हैं। इस तरह 88.44 प्रतिशत बालक और 93.92 प्रतिशत बालिकाओं सहित कुल 91.21 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।

### इन्होने किया नाम रोशन

जिले के सरस्वती उ.मा.वि. गोटेगांव के छात्र गौरव पुरी गोस्वामी ने 494 अंक अर्जित कर छटवां, शासकीय हाई स्कूल काशीखैरी की छात्रा अंशिका लोधी ने 492 व शासकीय उ.मा.वि. सूखाखैरी के छात्र कृष्णा कौरव ने 492 अंक अर्जित कर आठवां, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा कु. शिल्पा पटेल ने 490 और सर्वोदय उ.मा.वि. तेंदूखेड़ा की छात्रा प्रांजल सोनी ने 490 अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12 वीं में 11110 दर्ज परीक्षार्थियों में से 11092 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनका परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। घोषित परीक्षा परिणाम में 8267 परीक्षार्थी उत्तीर्ण होकर प्रथम श्रेणी में शामिल हैं, जिसमें 3430 बालक व 4837 बालिकाएं शामिल हैं। इसी तरह 1300 बालक व 688 बालिका इस तरह कुल 1988 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी और 16 बालक व 2 बालिकाएं इस तरह कुल 18 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में शामिल हैं। इस तरह 90.83 प्रतिशत बालक और 94.28 प्रतिशत बालिकाओं सहित कुल 92.62 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। जिले के वि.पी. सांईखेड़ा के छात्र ने 485 ने अंक अर्जित कर आठवां और शास.एस.डी.क.उ.मा.वि. नरसिंहपुर की छात्रा माही साहू ने 482 अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया है।




### 87 प्रतिशत सरस्वती स्कूल का परीक्षा परिणाम

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम मे सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर का हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा हाई स्कूल बोर्ड में 45 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की प्रथम श्रेणी में 37 तथा द्वितीय श्रेणी में आठ विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की अनुष्का परमार 94 प्रतिशत प्रथम कौशलेश ठाकुर 92.2 प्रतिशत द्वितीय अंशु विश्वकर्मा 88.4 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया हायर सेकेंडरी बोर्ड वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत गणित एवं जीव विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 83 रहा वाणिज्य संकाय से नीतेश केवट 76.4 प्रतिशत प्रथम अमित लोधी 72.2 प्रतिशत द्वितीय देवेंद्र कुमार चैधरी 68.2 प्रतिशत प्रतिशत तृतीय गणित,जीव विज्ञान संकाय से दिव्यांश राजपूत 76 प्रतिशत प्रथम मोना मल्होत्रा 70 प्रतिशत द्वितीय रिया साहू 69 प्रतिशत तृतीय कला संकाय से राखी गोस्वामी 66ः प्रथम जतिन प्रजापति 64.4 प्रतिशत द्वितीय कंचन मेहरा 64.2 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर राजेंद्र पटेल बोर्ड परीक्षा प्रभारी नरेंद्र सिंह राजपूत एवं आचार्य परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दो शातिर चोर चंद घंटों में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दो चोरों को चंद घंटो मे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। प्रार्थी दुर्गेश पिता दौलत सिंह पटैल, निवासी झिरना रोड महावीर नगर कॉलोनी, थाना कोतवाली नरसिंहपुर द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 11-12.04.2026 की दरमियानी रात अज्ञात चोर द्वारा उसके सूने घर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। आरोपी द्वारा घर में रखे सोने-चांदी के जेवर एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने गहन पूछताछ के दौरान आरोपी डालचंद उर्फ डल्लू पिता चन्नूलाल ठाकुर द्वारा उक्त चोरी की घटना अपने अन्य साथी प्रशांत उर्फ खकूरा यादव पिता राकेश उर्फ गुड्डा यादव निवासी निरंजन वार्ड कोष्टी मोहल्ला, थाना कोतवाली नरसिंहपुर एवं अन्य के साथ करना स्वीकार किया गया है। उक्त दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की गयी सोने की अंगूठी, एक जोडी सोने के कान के टाप्स एवं एक सेमसंग कम्पनी की टी.व्ही. जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 47 हजार रूपये का मशरूका बरामद किया गया है।

# सकल साहू समाज ने स्वर्गीय सूरज साहू को सौंपी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस स्थानीय सकल साहू समाज के युवा पदाधिकारियो ने एक अप्रैल को पूर्व पार्षद सूरज साहू, नरसिंहपुर का दुखद निधन डी.जे. के दुष्प्रभाव के फलस्वरूप हृदयाघात से हो गया था। आज सभी ने दिवंगत सूरज साहू पूर्व पार्षद के आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उनके निवास पटैल वार्ड स्थित पर सकल साहू समाज उपस्थित हुई। स्व सूरज साहू अपने पीछे सिर्फ अपनी बूढ़ी मां श्रीमति मुन्नी बाई साहू छोड़ गए है। जिनकी आयु लगभग 75 वर्ष हो चुकी है। ज्ञात हो कि स्व सूरज साहू के छोटे भाई कृष्णकांत साहू निधन 2 वर्ष पूर्व हो चुका है। साहू समाज के युवा पदाधिकारियों ने स्थानीय साहू समाज के ग्रुप मां कर्मा देवी आयोजन समिति में एक मुहिम चालू की जिसके परिणाम स्वरूप सभी स्वजातीय बंधुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें सहयोग राशि लगभग 35915 रूपये राशी एकत्रित हुई। सकल साहू समाज के बंधुओं ने स्व. सूरज साहू को अपनी श्रद्धांजलि देते हुये उनकी माता श्रीमति मुन्नी बाई साहू के पुत्र सूरज के अचानक निधन पर शोक व्यक्त किया व और उनके इस दुख भरे पल में समस्त साहू समाज उनके साथ खड़ी है ऐसा सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त कर भावनात्मक संबल प्रदान किया। वही सूरज की माता मुन्नी बाई के साथ परिवारजनों के सामने सौंपी साथ ही बरगी स्थित वेध बाबू बगीचा के पास निर्मित कॉलोनी में निवासी मोहन प्रसाद साव (बिहार वाले) ने स्वर्गीय सूरज साहू की माता जी की संपूर्ण भरण पोषण की जिम्मेदारी लेने की बात रखी है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के इस अवसर पर अध्यक्ष साहू समाज शांतनु साहू पूर्व अध्यक्ष बंटी मनीष साहू, सरोज - मनोहर सेवा संस्थान के सचिव मयंक मनोहर साहू, उपाध्यक्ष कमलेश्वर साहू, समाजसेवी ईश्वरदास साहू, प्रोफेसर के एल साहू, पूर्व अध्यक्ष चैधरी दीपक साहू सहित समस्त सकल साहू समाज जन व अन्य समाज के प्रबुद्धजन की उपस्थित रही।



## बगासपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण

गोटेगांव।

गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के श्रीनगर मंडल अंतर्गत ग्राम बगासपुर में आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र नागेश जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक श्री नागेश ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने एवं समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के महत्व को अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर मणिनागेंद्र फाउंडेशन के सचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी इंजी. सरदार सिंह पटैल, भाजपा जिला महामंत्री राजाराम कस्तवार, मंडल अध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अशोक कस्तवार, बगासपुर सरपंच चौधरी सुधीर पटैल (मालगुजार), उमरिया सरपंच गिरवर सिंह पटैल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।




## 10वीं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में मुरलीधर विद्यालय का दबदबा

**श्रीधाम गोटेगांव** का हमेशा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाला गैर व्यावसायिक शिक्षण संस्थान बाल शिक्षा समिति द्वारा संचालितश्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,गोटेगांव की छात्र-छात्राओं ने इस बार भी दशमी एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसके अनुसारहाई स्कूल (10वीं) / उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (12वीं) परीक्षापरिणाम सारांश - 20261- 10वीं **A** [**E.M.**]कुल छात्र - 39उत्तीर्ण - 39प्रथम श्रेणी - 39परिणाम % - 100%कक्षा प्रथम स्थान - एंजेल जैन 484/500 - 96.8%द्वितीय स्थान - दीपाली चौधरी 483/500 - 96.6%द्वितीय स्थान - दर्शिका शर्मा 483/500 - 96.6%तृतीय स्थान - अभिनव गुप्ता 474/500 - 94.8%2- 10वीं **B** [**E.M.**]कुल छात्र - 40उत्तीर्ण - 40प्रथम श्रेणी - 33द्वितीय श्रेणी - 07परिणाम % - 100%कक्षा प्रथम स्थान - उपदेश पटेल 449/500 - 89.8%द्वितीय स्थान - साक्षी चौरसिया 446/500 - 89.2%तृतीय स्थान - अक्षय सिंह राजपूत 445/500 - 89%3- 10वीं **A** [**H.M.**]कुल छात्र - 36उत्तीर्ण - 36प्रथम श्रेणी - 33द्वितीय श्रेणी - 03परिणाम % - 100%कक्षा प्रथम स्थान - शिवकांत अरेहा 470/500 - 94%द्वितीय स्थान - तुलसा लोधी 469/500 - 93.8%तृतीय स्थान - गायत्री लोधी 462/500 - 92.4%4- 10वीं **B** [**H.M.**]कुल छात्र - 38उत्तीर्ण - 38प्रथम श्रेणी - 30द्वितीय श्रेणी - 08परिणाम % - 100%कक्षा प्रथम स्थान - रिया लोधी 450/500 - 90%द्वितीय स्थान - शिवी राठौर 421/500 - 84.2%द्वितीय स्थान - आयुषी राजपूत 421/500 - 84.2%तृतीय स्थान - प्रिंस पटेल 410/500 - 82%5- 10वीं **C** [**H.M.**]कुल छात्र - 36उत्तीर्ण - 35अनुत्तीर्ण - 01 [02 **subject**]प्रथम श्रेणी - 29द्वितीय श्रेणी - 06परिणाम % - 97.22%कक्षा प्रथम स्थान - शिवानी पटेल 483/500 - 96.6%द्वितीय स्थान - तमन्ना कच्छी 482/500 - 96.4%तृतीय स्थान - प्रियंशी विश्वकर्मा 476/500 - 95.2%शानदार अंक प्राप्त किए हैं कुछ अंक से ही इस बार प्रवीण सूची में आने से छात्र रह गए हैं । नहीं तो इस विद्यालय से आने को बार जिला व प्रदेश की मेरिट सूची में छात्र आए हैं। छात्र-छात्राओं की शानदार सफलता पर उनके मार्गदर्शक शिक्षकों माता-पिता सभी को बधाई देने वालों में बाल शिक्षा समिति के संरक्षक पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेलमार्गदर्शक डॉ. गौतम भद्र, सिंघई अनिल जैन, ध्रुव कुमार पचौरी वर्तमान अध्यक्ष पंकज जैन, सचिव बी.डी. सोनी, कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत, अजीत खरया सह सचिव आनंद अग्रवाल, दिनेश खजांची, एन एस राठौर, संजय अरिहंत, राकेश शर्मा कमलेश पाठक, संदीप जैन, संजय सिंघवी, विनोद तिवारी, बिहारी अग्रवाल, गोविंद पटेल , रूपेश शराफ प्राचार्य शिवशंकर पाठक, उप प्राचार्य संदीप जैन।सभी गणमान्य लोगों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं

## काशीखैरी की अंशिका लोधी ने जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया

### कलेक्टर और संस्था ने किया पुरस्कृत




**डोभी** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है यदि उन्हें उचित माहौल मिल जाये तो उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं ऐसा ही एक उदाहरण डोभी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रतिष्ठित ग्राम काशीखैरी के प्रतिष्ठित रामकुमार लोधी की सुपुत्री अंशिका लोधी ने हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में सर्वाधिक 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान और प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का गौरव बढ़ाया है। छात्रा अंशिका ने अपनी इस सफलता पर अपने गुरुजनों और माता-पिता को श्रेय देते हुए आगे सांदिपनी स्कूल डोभी से आगे की शिक्षा गणित विषय से करने के साथ वह जेई की तैयारी में जुटेगी।अंशिका को सांदिपनी स्कूल में विद्यालय परिवार और कलेक्टर रजनी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया है। जिससे पूरे परिवार और गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है।



### 'सर्वोदय विद्यालय की प्रांजल सोनी जिले की टाप टेन सूची में'

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित हुए परीक्षा परिणामों में तेंदूखेड़ा के सर्वोदय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम की कक्षा दसवीं की छात्रा कु प्रांजल सोनी पिता पवन कुमार सोनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 490 अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल करते हुए जिले की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

### 'जया चौरसिया ने विद्यालय में किया प्रथम स्थान प्राप्त'

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस घोषित हुए हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित पत्रकार जीवेश चौरसिया की भांजी कु जया चौरसिया ने कक्षा 12वीं में विज्ञान विषय से 500 में 469 अंक सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुरू से ही मेधावी छात्रा जया श्रीमती रंजना चौरसिया नरेश चौरसिया की सुपुत्री है।

